कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांकः– 1867 /12-1 दिनांक 23/12/2021

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम,
भीमताल, नैनीताल।

विषय :– **विकासखण्ड भीमताल की देवीधूरा–कून पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण हेतु वन भूमि के हस्तान्तरण प्रस्तावों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आपके द्वारा प्रभाग में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव में निम्न कमियाँ पायी गयी हैं –

1. प्रस्ताव में विभिन्न स्थानों पर योजना के निर्माण हेतु क्षेत्रफल अलग–अलग अंकित किया गया है।
2. वन भूमि के मूल्य/वार्षिक लीज रेन्ट के प्रमाण पत्र में क्षेत्रफल 0.3326 है0 वन भूमि प्रदर्शित की गयी है, जिसके अनुरूप ही लीज रेन्ट की दर निकाली गयी है, जबकि आपके प्रस्ताव में कुल वन भूमि 0.3627 है0 प्रभावित हो रही है।
3. प्रस्ताव में वृक्षारोपण हेतु कोई भी प्राक्कलन नहीं लगाया गया है, जबकि प्रस्ताव में रिक्त पड़े स्थानों में वृक्षारोपण/100 वृक्षों की योजना लगायी जानी है।
4. प्रारूप–50 जिसमें एन0पी0वी0 की धनराशि का आंकलन किया गया है, उसमें वन भूमि का क्षेत्रफल 0.3527 है0 दिखाया गया है तथा उसी के अनुरूप एन0पी0वी0 की धनराशि का आंकलन किया गया है, जबकि वास्तविक क्षेत्रफल 0.3627 है।

अतः उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण कर प्रस्ताव पुनः इस कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि प्रस्ताव में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

पत्रांक / उक्तदिनांकित।

1. प्रतिलिपि –अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्द्रा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि – वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।